**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Regarding payment through Post Office to the D.B.T. beneficiaries.

**श्री प्रतापराव जाधव (बुलढाणा) :** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के माध्यम से डीबीटी का जो भी पैसा है, वह डायरेक्ट लाभार्थियों के खातों में राष्ट्रीय बैंकों में जाता है ।

अध्यक्ष महोदय, ये जो राष्ट्रीय बैंक हैं, इनमें से बहुत सारे बैंक्स का दूसरे बैंक्स में विलय हो रहा है । इसकी वजह से बहुत सारे राष्ट्रीयकृत बैंक्स की शाखाएं बहुत जगहों पर कम हो रही हैं । डीबीटी के लाभार्थी जब पैसे लेने बैंक्स में जाते हैं, तब उन बैंक्स में बहुत भीड़ होती है । वहां किसानों को भी कर्जा जल्दी नहीं मिल पाता है । जो व्यापारी लोग बैंक्स में अपना व्यवहार करने जाते हैं, उनको भी वहां बहुत सारी दिक्कतें होती हैं । बैंक्स में पूरे कर्मचारी भी नहीं होते हैं ।

इसीलिए, मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि डीबीटी योजना के जो भी पैसे हैं, वे अगर हम डायरेक्ट पोस्ट ऑफिस में लोगों के खाते खुलवाकर भेजेंगे तो इससे छोटे-छोटे लोगों को आसानी हो जाएगी । उन लोगों को गांव में पैसे मिलेंगे, क्योंकि पोस्ट ऑफिस की शाखाएं गांवों में दूर-दूर तक फैली होती हैं । डीबीटी – डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर का पैसा अगर पोस्ट ऑफिस के माध्यम से भेजा जाएगा तो पोस्ट ऑफिस को भी काम मिलेगा और लोगों को भी सहूलियत होगी । इसेक साथ ही राष्ट्रीयकृत बैंक्स में ज्यादा भीड़ होने की वजह से उनके कारोबार में जो दिक्कत आ रही है, वह भी कम हो जाएगी । मैं सरकार के संज्ञान में यह बात लाना चाहता हूं । धन्यवाद ।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री प्रतापराव जाधव द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।